BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, सोमवार, 24 जून, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# कांग्रेस चुनाव पूर्व किए गए वादे पूरा करे, वरना सरकार के खिलाफ छेड़ूंगा आंदोलन : ईटेला राजेंदर




**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मल्काजीगिरी के सांसद ईटेला राजेंदर ने कहा कि अगर राज्य कांग्रेस के नेता चुनाव से पहले किए गए वादों को पूरा नहीं करते हैं, तो वे निश्चित रूप से सरकार के खिलाफ आंदोलन छेड़ेंगे। सांसद ने साफ किया कि मेरा मुख्यमंत्रियों से लड़ने का इतिहास है और मैं किसी से नहीं डरता। ईटेला राजेंदर रविवार को महेंद्र हिल्स में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वह राजनीति में नए नहीं हैं और चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाना उनकी फितरत नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता छावनी परिषद सदस्य रामकृष्ण ने की। छह महीने पहले हुए विधानसभा चुनावों में, उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव के खिलाफ कामारेड्डी में भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था और भारी वोट हासिल किए, लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वह हार जाने के बावजूद बीआरएस सरकार को गिराने के लिए दृढ़ थे। उन्होंने पार्टियों के नेताओं से आग्रह किया कि वे सत्ता में आने को राजशाही के रूप में न देखें, बल्कि इसे लोगों को पांच साल तक सेवा करने का अवसर समझें। एटाला ने पार्टी कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि वे यह ध्यान रखें कि राजनीति में अंतिम फैसला जनता ही सुनाएगी। ईटेला ने चेतावनी दी कि सरकारों को संविधान के दायरे में काम करना चाहिए और अगर वे अलग तरीके से काम करेंगी तो लोग उनसे दूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करना सरकारों का कर्तव्य है। चूंकि छावनी केंद्र सरकार के अधीन है, इसलिए इस क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को हल करने की ज़िम्मेदारी हम पर अधिक है।उन्होंने कहा कि छावनी को जीएचएमसी में विलय करने की मांग पर पहले ही एक समिति का गठन किया जा चुका है। सरकार के फैसले जनता के हित के लिए होते हैं। यदि आप प्रतिबद्धता और परंपरा के साथ काम करते हैं तो सब कुछ संभव है। आप मेरे लिए वीआईपी हैं।

उन्होंने कहा कि यह पंचवर्षीय कार्ययोजना मेरे हर वादे को पूरा करेगी। 10 साल में मोदी के शासन में इतना परिवर्तन हुआ है कि औसत भारतीय सिर उठाकर गर्व से खड़ा हो सकता है। इस कार्यक्रम में छावनी बोर्ड के सदस्य रामकृष्ण ने कहा कि छावनी बोर्ड के भीतर दशकों से अनसुलझी समस्याओं को सांसद एटाला राजेंदर के संज्ञान में लाया गया और उन्होंने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। इस दौरान सीनियर रेजिडेंट एवं मानव सेवा समिति के महासचिव डॉ. बीबी रेड्डी ने छावनी में स्थानीय लोगों की समस्याओं का जिक्र किया। सांसद एटाला राजेंदर ने कहा कि वह निश्चित रूप से इसके समाधान की दिशा में प्रयास शुरू करेंगे। कैंटोनमेंट सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ चुके डॉ. वामसी तिलक, गणेश मंदिर के अध्यक्ष पिटला नागेश, कूकटपल्ली भाजपा निर्वाचन क्षेत्र प्रभारी माधवराम कांथा राव, प्रसिद्ध वरिष्ठ फिल्म अभिनेता कोटेश्वर राव, बीएन रेड्डी नगर पार्षद लच्छी रेड्डी, भाजपा नेता मोगुलैया, गुंडेबोइना महेश, मौथम अमुशोक, एटेला समन्ना, वनमाला प्रवीण कुमार, मान्यम सुनील कुमार, वनमाला नवीन कुमार, विवेकानंद नगर मंडल भाजपा अध्यक्ष नरसिंह और अन्य ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# शुभ लाभ के प्रधान संपादक गोपाल अग्रवाल ने ईटेला का किया गर्मजोशी से स्वागत






**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मल्काजगिरी के सांसद के रूप में विजय हासिल करने के बाद ईटेला राजेंदर ने रविवार को छावनी निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत महिंद्रा हिल्स की पहली यात्रा की।

इस अवसर पर हिंदी दैनिक समाचार पत्र शुभ लाभ, तेलुगु दैनिक समाचर पत्र ध्वनि और दैनिक सिटीजन्स इवनिंग के प्रधान संपादक एवं श्रीसिद्धि विनायक प्रकाशन समूह के सर्वेसर्वा गोपाल अग्रवाल ने गर्मजोशी से ईटेला राजेंदर का स्वागत किया। तत्पश्चात एटाला राजेंदर और गोपाल अग्रवाल ने एक-दूसरे का कुशलक्षेम पूछा। ईटेला राजेंदर ने लोकसभा चुनाव के दौरान उनका समर्थन करने और भारी बहुमत से जिताने के लिए गोपाल अग्रवाल आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि वह भविष्य में कैंट विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने श्री अग्रवाल को छावनी क्षेत्र का निवासी मानते हुए क्षेत्र में भारी बहुमत से जिताने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर श्रीसिद्धि विनायक प्रकाशन के प्रमुख गोपाल अग्रवाल ने ईटेला राजेंदर को शॉल और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष के साईकुमार रेड्डी, सहायक संपादक वी. वीरंजनेयुलु, स्टाफ सदस्य सत्यनारायण, सुधीर, मैडिलेटी, राजू, मंजुला रेड्डी, परमेश्वर गुप्ता, यादगिरी, चक्री और अन्य ने भाग लिया।

# गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में बाबा गंगाराम उत्सव सम्पन्न




**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विष्णु अवतारी श्री बाबा गंगाराम जी का गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में बाबा गंगाराम उत्सव सिकंदराबाद स्थित अग्रवाल समाज बैंकट हॉल मे रविवार को बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। वर्ष 1975 मे गंगा दशहरा के दिन ही झुंझुनूं मे बाबा गंगाराम जी के पावन धाम, श्री पंचदेव मंदिर का निर्माण हुआ था जिस की प्राण प्रतिष्ठा जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने द्वारा करायी गयी थी। अगले साल पंचदेव मंदिर के निर्माण को पचास साल पूरे होने जा रहे हैं तथा वर्ष 2024 देशभर मे स्वर्ण जयंती वर्ष की तरह मनाया जा रहा है जिस का समापन अगले साल गंगा दशहरा पर होगा। इस उत्सव मे हैदराबाद के प्रख्यात गायक घनश्याम शर्मा ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। बाबा गंगाराम सेवा समिति हैदराबाद के सभी सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या मे भक्त पधारे तथा बाब गंगाराम जी का गुणगान किया तथा भजन संध्या उपरांत महाप्रसाद ग्रहण किया।



केन्द्रीय मंत्री बनाए जाने पर जी किशन रेड्डी का उनके निवास पर अभिनंदन करते हुए लव फॉर काउ फाउंडेशन की ट्रस्टी परमेश्वरी शर्मा।



अग्रवाल समाज सोमाजीगुडा बेगमपेट शाखा की मासिक बैठक का आयोजन पिज्ञा जोन, बेगमपेट किया गया। जिसमें सर्वप्रथम महाराज श्री अग्रसेन जी की पूजा के पश्चात पिछली सभा एवं आने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। जिसमे शाखा के सभी पधाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।



रसनतनगर रक्तदान शिविर में कैप्टन शुभम को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उपस्थित भाग्य श्री विनित महिला मडंल दक्षिणाचल प्रमुख सपना विमल गुप्ता फल बांटते हुए।

# अग्रवाल समाज सहायता ट्रस्ट के तत्वावधान में किया गया फीस वितरण




**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज सहायता ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष कपूर चंद ने बताया के रविवार को अग्रवाल शिक्षा समिति के प्रांगण में ज़रूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल फीस वितरित की गई। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल विशेष अथिति के रूप में आमंत्रित थे। अग्रसेन महाराज एवं मां सरस्वती की पूजा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात् अग्रवाल समाज के अध्यक्ष एवं अग्रवाल समाज सहायता ट्रस्ट के ट्रस्टी मनीष अग्रवाल का सम्मान किया गया। अग्रवाल समाज सहायता ट्रस्ट के चेयरमैन किरोड़ीमल ने संस्था की उपलब्धियों के संबंध में जानकारी दी। अग्रवाल समाज सहायता ट्रस्ट के संस्थापक चेयरमैन नरेश चौधरी ने अग्रवाल समाज सहायता ट्रस्ट द्वारा निर्माणाधीन आत्म गौरव भवन के संबंध में जानकारी दी ।अग्रवाल केयर फाउंडेशन से संजय पसारी,पंकज अग्रवाल का सम्मान किया गया। अग्रवाल समाज सहायता ट्रस्ट द्वारा विगत 14 वर्षों से नगर में ज़रूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल फीस वितरित की जा रही है।

इस वर्ष लगभग 320 विद्यार्थियों ने इस सुविधा का लाभ उठाया और लगभग 14 लाख रुपए वितरित किए गए। इस अवसर पर अग्रवाल समाज तेलंगाना के कोषाध्यक्ष एवं अग्रवाल समाज सहायता ट्रस्ट के ट्रस्टी नवीन अग्रवाल, अग्रवाल समाज तेलंगाना के मीडिया कमिटी चेयरमैन अजय कुमार अग्रवाल के साथ अग्रवाल समाज सहायता ट्रस्ट से शेष अग्रवाल, अचल अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, पंकज मित्तल, राकेश पचेरिया ,रुपेश अग्रवाल पवन डोकनिया उपस्थित रहे। अग्रवाल समाज सहायता ट्रस्ट के चेयरमैन कोरोड़ीमल ने बताया के अब तक इस सुविधा का लाभ उठाने वाले चार विद्यार्थी डॉक्टर बन चुके हैं। अग्रवाल सहायता ट्रस्ट शिक्षा क्षेत्र में सहायता के अतिरिक्त ज़रूरत बंधुओं की स्वास्थ के क्षेत्र में भी सहायता करता है

# माहेश्वरी युवा संगठन सिकंदराबाद की नई कार्यकारिणी समिति गठित



**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महेश्वरी सेवा संघ के तत्वावधान में माहेश्वरी युवा संगठन सिकंदराबाद के नए पदाधिकारी और कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत महेश वंदना से किया गया। तत्पश्चात वार्षिक आम बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पिछले 2 साल के कार्यक्रमों का ब्यौरा दिया गया, साथ ही लेखा- जोखा प्रस्तुत किया, जिसे सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया। अध्यक्ष प्रवीण तोष्णीवाल, मंत्री विष्णुकांत बजाज, कोषाध्यक्ष श्रीकुमार मदनी, उपाध्यक्ष आनंद कुमार जाजू और नरेश बाहेती और संगठन मंत्री वासुदेव लाहोटी, सह मंत्री आदित्य मूंदड़ा, सह कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सारडा एवं संचार प्रसार मंत्री हेमंत सारडा को चुना गया। आदित्य लोया ने सभा को संबोधित किया और मंच संचालन किया।

इस अवसर पर महेश्वरी सेवा संघ के अध्यक्ष गोपाल लाल बंग, मंत्री जगदीश दरक, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण मूंदड़ा, हरिकिशन बंग, आदित्य लोया,लड्डू बंग, कृष्णकान्त मोदनी, नवल बंग, विजय बजाज, सीए अजय बजाज, प्रशांत तोष्णीवाल, प्रशांत बंग, राजगोपाल झंवर, हरीश इन्नाणी, नीरज मालानी, घनश्याम बाहेती, दिनेश असावा, कुणाल बंग, आशीष बंग, आशीष मंधाना, दीपेश झंवर, शिव मूंदड़ा, आनंद इन्नाणी, आनंद बांगड़िया, अमित मनियार, शिरीष अग्गीवाल, ओम मुंदडा, जगदीश लोया, ब्रिजगोपाल धूत,राजेश लोया, राजेश तो-षणीवल, अमित मूंदड़ा, विशाल मोदनी,दीपक मोदनी, राजू लड़डा, रामप्रकाश इंननी, अभिनव मंत्री,संदीप अटल एवं अन्य युवा संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।



हैदराबाद-सिकंदराबाद मारवाड़ी महिला संगठन द्वारा भावी जनसेवा कार्यों के लिए एवं श्री हरि सत्संग समिति तेलंगाना (एकल अभियान) के सहायतार्थ रविवार को भारतीय विद्या भवन सभागृह में भारत के रंग एकल के संग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। ज्ञातव्य रहे कि भारत वर्ष के छोटे-छोटे वनवासी अंतरराष्ट्रीय युवा कलाकालों द्वारा अमेरिका एवं भारत के विभिन्न महानगरों में सफलतापूर्वक मंचन के बाद हैदराबाद में उक्त अद्भुत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।



पीस कमेटी के ऑल जोन महासचिव किशन शर्मा, पीस कमेटी वेस्ट जोन की अध्यक्ष तेजू कुमारी ने शनिवार को हैदराबाद पुलिसायुक्त के. श्रीनिवास से मुलाकात कर उनसे बोनालू उत्सव के संबंध में एक बैठक कमांड कंट्रोल में बुलाने का आग्रह किया।

# मुख्यमंत्री रेवंत ने बोनालु महोत्सव के लिए 20 करोड़ रुपए मंजूर किए

**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने बोनालु व्यवस्था के लिए 20 करोड़ रुपये मंजूर किए। धर्मस्व मंत्री कोंडा सुरेखा ने राज्य सचिवालय में शनिवार को समीक्षा बैठक के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस राशि से मंदिरों की सजावट, रेशमी कपड़ों की खरीद, अंबारी हाथी जुलूस, बिजली, सूचना और जनसंपर्क सहित



अन्य खर्चे पूरे किए जाएंगे।

सुरेखा ने कहा कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय उत्सव प्रबंधन समिति का गठन किया गया है, जिसमें उनके अलावा राजस्व विभाग के मंत्री, हैदराबाद और रंगारेड्डी जिले के प्रभारी मंत्री पोन्नम प्रभाकर, श्रीधर बाबू, राज्यसभा सांसद अनिल कुमार यादव, खैरताबाद के विधायक दानम नागेंद्र और राजस्व विभाग के मुख्य सचिव शामिल हैं। मंत्री ने अधिकारियों को बोनाला उत्सवों को प्रदर्शित करने के लिए होर्डिंग्स और अन्य प्रचार कार्यक्रम आयोजित करने और डीडी यादगारी चैनल पर उत्सवों के लाइव प्रसारण के लिए उपाय करने का भी निर्देश दिया। अधिकारियों को तेलंगाना की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए दिल्ली में तेलंगाना भवन में समारोह आयोजित करने के लिए भी कहा गया।



डायमंड प्वाइंट सिकंदराबाद में आयोजित सुंदरकांड पाठ में राजीव-रूबी पाण्डेय, वेद पाण्डेय, कमलेश त्रिपाठी, रामपाल पाण्डेय, विध्यांचल ब्रह्मण सेवा संघ अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष रामशिरोमणि तिवारी, मुरली द्विवेदी, राकेश द्विवेदी, विनय पाण्डेय, सुनील त्रिपाठी, हर्ष त्रिपाठी, रेणु पयासी, अवनीश त्रिपाठी आदि ने पाठ में भाग लिया।

# तेलंगाना में अभी तक पूर्णकालिक कुलपतियों की नियुक्ति नहीं हुई!



**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना सरकार ने अभी तक राज्य के विश्वविद्यालयों में पूर्णकालिक कुलपति (वीसी) की नियुक्ति नहीं की है। 22 मई को सरकार ने 12 विश्वविद्यालयों में प्रभारी कुलपति नियुक्त किए थे, जिन्हें 15 जून तक पद पर बने रहने को कहा गया था। बाद में सरकार ने एक और सरकारी आदेश जारी किया जिसमें कहा गया कि अगले आदेश तक वही कुलपति पद पर बने रहेंगे। विश्वविद्यालयों को पूर्णकालिक कुलपति की नियुक्ति का बेसब्री से इंतजार है। सूत्रों के अनुसार, उच्च शिक्षा के प्रमुख सचिव ने इस प्रतिष्ठित पद के लिए योग्य प्रोफेसरों को शॉर्टलिस्ट किया है।

इस बीच, उस्मानिया विश्वविद्यालय में कुलपति पद के लिए कई नामों पर विचार किया जा रहा है। इनमें प्रो. जी.वी. रेड्डी (वर्तमान में पीजीआरआरसीडीई के निदेशक), प्रो. प्रताप रेड्डी (ओयू के पूर्व रजिस्ट्रार), प्रो. पांडु रंगा रेड्डी (वर्तमान में सीपीजीईटी के निदेशक) और प्रो. एम. कुमार (क्षेत्रीय शहरी और पर्यावरण अध्ययन केंद्र) शामिल हैं, जो एससी श्रेणी से आते हैं। प्रो. भुक्या बंग्या (वर्तमान में हैदराबाद विश्वविद्यालय, इतिहास विभाग में कार्यरत) एसटी श्रेणी से हैं, और प्रो. डी. रविंदर यादव (ओयू के पूर्व कुलपति) भी है जसे बीसी समुदाय से हैं।


यदि जुलाई या अगस्त से पहले पूर्णकालिक कुलपति नियुक्त किए जाते हैं तो विश्वविद्यालय शैक्षणिक और अन्य विकासात्मक गतिविधियों को सुव्यवस्थित कर सकते हैं।विश्वविद्यालयों से संबंधित तीन प्रमुख मुद्दे कई वर्षों से लंबित हैं। शिक्षकों को उम्मीद है कि नई कांग्रेस सरकार उन्हें हल करेगी। ये मुद्दे हैं- लगभग 700 अनुबंध सहायक प्रोफेसरों (बजट पदों पर कार्यरत) का नियमितीकरण, सहायक प्रोफेसरों के 1,500 रिक्त पदों को भरना (कई बेर-ोजगार डॉक्टरेट की प्रतीक्षा कर रहे हैं), और यूजीसी दिशानिर्देशों के अनुसार सेवानिवृत्ति की आयु 60 से बढ़ाकर 65 वर्ष करना। इसे देश भर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में लागू किया गया है, जिनमें आईआईटी, एनआईटी और यहां तक कि कुछ राज्य विश्वविद्यालय भी शामिल हैं।

# बीआरएस ने पोचारम पर निशाना साधा, उन्हें विश्वासघाती बताया

**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बीआरएस ने लगातार तीसरे दिन अपने पूर्व वरिष्ठ नेता और विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष पोचाराम श्रीनिवास रेड्डी पर हमला जारी रखा। उन्होंने कहा कि श्रीनिवास रेड्डी का कांग्रेस में शामिल होना किसानों के लिए काम करने के लिए नहीं है, बल्कि बांसवाड़ा के विधायक द्वारा अपने परिवार के व्यापारिक हितों की रक्षा करने की कोशिश है। पूर्व विधायक ए. जीवन रेड्डी, गणेश बिगाला और डॉ. मेथुकू आनंद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बीआरएस के शासनकाल में पोचाराम ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए 7,500 करोड़ रुपये लिये जिसके लिए पार्टी प्रमुख के. चंद्रशेखर राव ने कभी उन्हें मना नहीं किया।

बांसवाड़ा में सबसे ज्यादा 2बीएचके घर आवंटित और बनाए गए। जीवन रेड्डी ने कहा, केसीआर ने उन्हें लक्ष्मी पुतरुडु कहा था, लेकिन पोचाराम लंका पुतरुडु साबित हुए हैं। पूर्व अध्यक्ष ने बीआरएस को धोखा दिया है, जबकि बीआरएस ने उन्हें वह सब कुछ दिया जो वे चाहते थे। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान पोचाराम को गाली दी और अब बेशर्मी से उन्हें कांग्रेस में शामिल कर लिया है। जीवन रेड्डी ने कहा कि रेवंत को पता होना चाहिए कि एक दिन ऐसा आएगा जब पोचाराम भी उन्हें धोखा देगा, जैसे उसने केसीआर को धोखा दिया है। बीआरएस नेताओं ने मांग की कि श्रीनिवास रेड्डी तुरंत अपनी विधायक सीट से इस्तीफा दें, साथ ही कहा कि उनके पार्टी छोड़ने से कोई बड़ा नुकसान नहीं है। हालांकि, उन्होंने बांसवाड़ा और निजामाबाद जिले के बाकी हिस्सों में पार्टी कार्यकर्ताओं से निराश न होने का आग्रह किया और वादा किया कि बीआरएस अगली बार राज्य में सत्ता में वापस आएगी।



जी किशन रेड्डी जी को केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री बनने पर बधाई देते हुए भाजपा नेता मुकेश कुमार सोनी, साथ में बब्बू सिंह।

# बकरीद के दौरान गौरक्षकों ने 584 गायों को कटने से बचाया



**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बकरीद के मौके पर हैदराबाद में अन्य राज्यों से काटने के मकसद से लाए जा रहे गोवंश को गौ रक्षा दल तेलंगाना, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, बीजेपी, हिंदू वाहिनी, श्री हिंदू तख्त के संयुक्त तत्वावधान में गौ रक्षक कार्यकर्ताओं ने तेलंगाना के छोटीउप्पल, अब्दुल्लापुरमेंट, जनगांव, भौंनगीर, बीबी नगर, पोचारम, उप्पल, ओल्ड शमशाबाद ,पहाडी शरीफ, मेडचाल पुलिस एवं आंध्र प्रदेश के चित्तूर तथा महाराष्ट्र के सोलापुर पुलिस की सहायता से 17 गाड़ियों में अवैध रूप से भरे 584 गोवंश को कसाईयों के चंगुल से छुड़ाकर गौशालाओं के सुपुर्द किया गया। इस बात की जानकारी देते हुए टीटीडी के पूर्व गौसंरक्षक एवं अखिल भारतीय गौ रक्षा दल के जनरल सेक्रेटरी कोटी श्रीधर ने बताया कि बचाए गए गोवंश को गवर्नमेंट कैटल पॉइंट तथा श्री समर्थ कामधेनु गौशाला जियागुड़ा तथा हैदराबाद के नजदीक लगने वाली गौशालाओं के सुपुर्द किया गया। इस मौके पर संबंधित संस्थाओं के गौ रक्षक कार्यकर्ताओं में गौ रक्षा दल स्टेट प्रेसिडेंट कालू सिंह, बीजेवाईएम मेडचाल डिस्टिक प्रेसिडेंट एवं गौरक्षादल तेलंगाना के जनरल सेक्रेटरी बी पवन रेड्डी, गौ रक्षा दल तमिलनाडु स्टेट प्रेसिडेंट रघुराम शर्मा, गौरक्षा दल आंध्र प्रदेश स्टेट प्रेसिडेंट विजय राम, तुक्कुगुड़ा बीजेपी काउंसलर यादगिरी रेड्डी, डॉक्टर एरम पूर्णिमा शांति गुप्ता, मेडचल बीजेपी के रविंदर गौड, राज राठौड़ सोलापुर, विनय गौड़, भारत यादव, बीजेपी लीडर श्रीकांत, मोहन यादव, साई कुमार, अनिल रेड्डी, सुनील नायक, सुमंत नायक, रमेश, साई, अन्ना, आयुष, सचिन, अजय कुमार, लक्ष्मीकांत, कदम साईं, मनी, किट्टू, प्रशांत, चिन्ना, संदीप, संपत, वेंकटेश, रामराज, के शिवा, नवीन कुमार, सचिन सरवन कुमार, सतीश सिंह, प्रणित, छोटू, आलोक, मोहन कुमार, बोटु, पवन ,सोनू सिंह, अन्य गौ रक्षक मौजूद रहे।

# साइबराबाद कमिश्नर ने मियापुर इलाके में धारा 144 लागू की

**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

साइबराबाद पुलिस ने मियापुर इलाके में धारा 144 लागू कर दी है, क्योंकि सर्वे नंबर 100 और 101 में सरकारी जमीन पर हजारों लोग जमा हो गए थे। यह जमीन करीब 600 एकड़ में फैली है और इसकी कीमत करोड़ों रुपये है।

आगे के विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय के तहत मियापुर और चंदनगर पुलिस स्टेशनों की सीमा में निषेधाज्ञा 23 जून



को सुबह 6 बजे से 29 जून को रात 11 बजे तक प्रभावी रहेगी।यह आदेश उन निर्दिष्ट क्षेत्रों में पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगाता है और उन लोगों के प्रवेश को प्रतिबंधित करता है जो आमतौर पर वहां रहते या काम नहीं करते हैं।

पुलिस अधिकारियों, सैन्य कर्मियों, ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड, अंतिम संस्कार जुलूस और विवाह समारोहों को छोड़कर। हैदराबाद के पड़ोसी जिलों से आए कई लोगों ने मांग की कि चूंकि उन्हें बीआरएस शासन के दौरान 2बीएचके घरों से वंचित किया गया था, इसलिए वे अब मियापुर की जमीन पर अपना घर बनाना चाहते हैं। संयोगवश, कुछ प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्र में एक मंदिर, अस्थायी झोपड़ियाँ बना ली हैं और दुकानें लगा ली हैं।

# पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित साकिनी रामचंद्रैया नहीं रहे



**खम्मम, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित साकिनी रामचंद्रैया का रविवार दोपहर यहां मनुगुरु के पास बैकुनाराम गांव में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 61 वर्ष के थे। वह कुछ समय से अस्वस्थ थे और अपने घर पर ही रह रहे थे।

साकिनी रामचंद्रैया को कला में उनके योगदान के लिए 2022 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह तेलंगाना के भद्राद्री शहर के दुर्लभ मुखर लोक गायकों और होल वादकों में से एक थे। उन्हें कांचुमेलम-कांचुथलम में उनकी विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है, जो विशेष रूप से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में कोया आदिवासी समुदाय के साथ पहचाना जाने वाला एक कला रूप है। यह कला रूप लगभग विलुप्त होने के कगार पर है और रामचंद्रैया इस कला के एकमात्र जीवित व्यवसायी थे जो पवित्र त्यौहार सम्मक्का सरक्का जाथरा का इतिहास तेलुगु और कोया दोनों भाषाओं में पूरी तरह से बता सकते थे।

# नरसिंगी ओआरआर पर बस पलटी, महिला की मौत, कई अन्य घायल

**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

आउटर रिंग रोड नरसिंगी में रविवार रात एक निजी ट्रैवल बस के खंभे से टकराने के बाद पलट जाने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि लगभग 15 लोग घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, बस पटनचेरुवु से विजयवाड़ा होते हुए चेन्नई जा रही थी और रात करीब 9 बजे जब वह नरसिंगी ओआरआर इलाके में पहुंची तो वह सड़क अनियंत्रित होकर एक खंभे से टकराकर पलट गई। मृतक महिला की पहचान ममता के रूप में हुई है जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को उठवाया और महिला के शव को बाहर निकाला। शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया।

एसीपी नरसिंगी रमना गौड़ ने कहा कि बस कथित




तौर पर तेज गति से जा रही थी जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बस तेज गति से जा रही थी और चालक ने उस पर से नियंत्रण खो दिया। हालांकि, जांच चल रही है। अधिकारी ने कहा, बस ड्राइवर को यह जांचने के लिए अस्पताल भेजा गया है कि उसने शराब पी रखी है या नहीं। यात्रियों ने पुलिस को बताया कि ड्राइवर नशे की हालत में था। दुर्घटना के तुरंत बाद नरसिंगी पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, डीआरएफ टीमें और 108 एम्बुलेंस कर्मचारी मौके पर पहुंचे।

घायलों को घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया, जबकि उनमें से कुछ को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना के तुरंत बाद व्यस्त ओआरआर मार्ग पर भारी यातायात जाम लग गया। बाद में पुलिस ने बस को सड़क से हटाने और यातायात के लिए सड़क साफ करने के लिए दो क्रेनें तैनात कीं।

